हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

4 बंदियों को मिल रही सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की योजनांतर्गत ग्राम पंचायत थानगांव के पंचायत भवन में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर कार्यरत समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाना, परिषद की योजनाओं की जानकारी देना तथा ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

### आवास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रीमती अंकिता सोम ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कम प्रगति वाले ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों के साथ योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-26 में स्वीकृत अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पीएम जनमन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 90 दिवस रोजगार से जुड़े कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीईओ श्रीमती सोम ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है लेकिन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, ऐसे सभी आवासों का कार्य अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि पात्र हितग्राहियों को समय पर पक्का आवास उपलब्ध हो।

## घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता, जिला प्रशासन एलर्ट मोड पर

# होटल-ढाबों में प्रशासन की दबिश, 11 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई कोरिया और एमसीबी जिले में की जा रही है। इसी क्रम में बैकुंठपुर के होटल और ढाबों में जांच के दौरान कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में आम उपभोक्ताओं के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा अनियमितताओं के विरूद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जिले के गैस एजेंसी संचालकों की बैठक अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें एजेंसी संचालकों ने जानकारी दी कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, हालांकि ऑन लाइन बुकिंग नहीं होने से अधिकांश गैस उपभोक्ता बेहद परेशान हो रहे हैं।

### पान दुकान, जूस व चाट सेंटर में हुई जांच



शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फूड एंड ड्रग विभाग की टीम द्वारा दूसरे दिन भी सघन जांच अभियान चलाया गया। विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पान दुकानों, गन्ना व आम जूस की दुकानों, जलेबी दुकानों, बर्फ फैक्टरी तथा चाट सेंटरों की जांच की। इस दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई दुकानों में स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई, इस पर अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। टीम ने जूस दुकानों में इस्तेमाल किए जा रहे पानी, बर्फ और फलों की गुणवत्ता की भी जांच की। वहीं बर्फ फैक्ट्री में तैयार होने वाली बर्फ के निर्माण की प्रक्रिया और उपयोग किए जा रहे पानी की गुणवत्ता की भी जानकारी ली गई। फूड एंड ड्रग विभाग की टीम ने कुछ स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### होटलों में घरेलू गैस के अवैध उपयोग



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने जनकपुर नगर के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट में जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जो नियमों के विरूद्ध है। इस पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं विनियमन) आदेश 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जब्त किए गए सिलेंडरों को ग्रामीण गैस वितरण एजेंसी जनकपुर को आगामी आदेश तक सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। यह कार्रवाई विष्णु नारायण शुक्ला जिला खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में की गई। संयुक्त जांच दल में प्रवीण मिश्रा, खाद्य निरीक्षक भरतपुर तथा सदानंद पैकरा, खाद्य निरीक्षक कोटाडोल शामिल रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध उपयोग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ब्लैक मार्केटिंग पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** अंतरराष्टीय स्तर पर चल रहे संघर्ष से जुड़ी अफवाहों के बीच जिले में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने गैस वितरक एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में कलेक्टर ने सभी गैस एजेंसियों से घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था और कीमतों की जानकारी ली। एजेंसियों ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और कमी से जुड़ी अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि एलपीजी सिलेंडरों का अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग या अधिक कीमत पर बिक्री जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि सिलेंडर की डिलीवरी बुकिंग तिथि के अनुक्रम और फर्स्ट कम-फर्स्ट सर्व के आधार पर की जाए तथा प्रत्येक डिलीवरी ओटीपी ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसी उपभोक्ता को 25 दिनों से पहले दूसरा सिलेंडर जारी नहीं किया जाएगा।

### प्राथमिकता के तौर पर गैस सिलेंडर

कलेक्टर ने गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों से प्रतिदिन स्टॉक की जानकारी लेने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। उन्होंने स्कूल, आश्रम, छात्रावास, जेल और अस्पतालों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर तथा एम्बुलेंस व अन्य शासकीय वाहनों को पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंप संचालकों को सभी सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए साथ ही बिना नंबर प्लेट वाहनों तथा बिना हेलमेट वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल न देने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने नागरिकों से अपील की है कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही भ्रामक खबरों और अफवाहों पर विश्वास न करें। किसी भी जानकारी की पुष्टि अधिकृत शासकीय स्त्रोतों से ही करें और अनावश्यक रूप से र्इंधन या गैस का भंडारण न करें। किसी भी समस्या या शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर 1906 पर संपर्क किया जा सकता है।




# 132.87 करोड़ के मनरेगा बजट को मिली मंजूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ जपं की सामान्य सभा बैठक

जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक अध्यक्ष उदय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा सदस्यों को विकसित भारत की राम जी योजना, 5 प्रतिशत मॉडल निर्माण, कृषि विभाग तथा मत्स्य उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान सामान्य सभा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 81 प्रकरणों का निपटारा किया गया। वहीं परिवार सहायता योजना के अंतर्गत 41 पात्र आवेदकों को कुल 2.80 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इसके अलावा वर्ष 2026-27 के लिए जनपद पंचायत क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत 132.87 करोड़ रूपए के बजट को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जनपद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह, उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू, सभापति राजू साहू, सदस्य धर्मवती राजवाड़े, रंजीत मंडल, रीना साहू, दीपक सिंह, गणेश राजवाड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीईओ ए. पन्ना, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश शुक्ला, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनुपमा सिंह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वंदना सिंह श्याम तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं जनपद स्टाफ मौजूद रहे।

### नपं पटना में दुर्गा मंदिर के पास बनेगा शेड

**बैकुण्ठपुर।** जिले के नगर पंचायत पटना में दुर्गा मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति विधानसभा क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत दी गई है। कार्यालय कलेक्टर (योजना एवं सांख्यिकी) कोरिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह कार्य बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े की अनुशंसा पर तथा छग शासन के मंत्री एवं जिला कोरिया के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की मंजूरी के बाद स्वीकृत किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक नगर पंचायत पटना के दुर्गा मंदिर के पास शेड निर्माण के लिए कुल 8 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत पटना को बनाया गया है और कार्य को 6 माह की अवधि में पूर्ण करना होगा। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### शुद्ध पेयजल उपलब्धता के लिए विशेष अभियान 15 से

**बलरामपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान शुद्ध पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 मार्च से 15 अप्रैल तक विशेष हैंडपंप संधारण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में स्थापित पेयजल स्त्रोतों की मरम्मत, संधारण और जल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने संबंधितों को अभियान के दौरान सभी उपखंडों के भंडार गृहों में हैंडपंप संधारण के लिए आवश्यक सामग्री जैसे राइजर पाइप, स्पेयर पार्ट्स तथा पेयजल की शुद्धता के लिए सोडियम हाइपोक्लोराइट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जा सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पेयजल स्त्रोतों को सोडियम हाइपोक्लोराइट से क्लोरीनेशन किया जाएगा तथा संचालित एकल ग्राम और समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल में अंतिम छोर तक क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हैंडपंपों के पानी की जांच एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) और प्रयोगशाला के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे लोगों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

### सरगुजा में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** गैस सिलेंडरों की किल्लत की खबर सामने आने के बाद अवैध रूप से गैस सिलेंडर भंडारण की होड़ मच गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी लंबी कतारें नजर आ रही है और लोग गैस सिलेंडर भरवाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे है। इस बीच कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण एवं वितरण पर कार्रवाई की गई है। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर क्षेत्र में की गई जांच के दौरान तुलसी छत्तीसगढ़ गैस एजेंसी उदययपुर से 115 नग, गोरख गैस चूल्हा रिपेयरिंग, नमनाकला से 03 नग तथा प्रदीप गैस चूल्हा रिपेयरिंग शॉप, दर्रीपारा से 6 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस प्रकार कुल 124 नग गैस सिलेंडर जप्त किए गए हैं। उक्त प्रकरण में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले के सभी उपभोक्ताओं से कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा सभी गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है। गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण पर नियमित रूप से निगरानी रखी जा रही है। साथ ही राज्य स्तर पर भी घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं दैनिक आवश्यकता की सतत निगरानी रखने तथा अवैध भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर निवासी अनूप कुमार कुजूर आ. विक्टोर (40 वर्ष) विद्युत विभाग में लाइनमैन का काम करता था। बुधवार को पैदल ड्यूटी पर जा रहा था और जैसे ही एसडीएम बंगला चौक के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे लाइन मैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। दूसरी घटना में झगराखाड निवासी सतीश कुमार आ. स्व. कैलाश कौल (28वर्ष) बुधवार को दोस्त के साथ बाइक से ग्राम कठौतिया गया था। बाइक सवार कठौतिया से वापस लौटने लगे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य घटना में बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम देवानी बांध निवासी श्रीलाल आ. अर्जुन सूर्यवंशी (30 वर्ष) बुधवार को बाइक से मजदूरी करने बैकुंठपुर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम कोटेडांड के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार जिससे श्रीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कार की टक्कर से घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**भैयाथान।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल छह वर्षीय बच्ची की इलाज के दौरान अंबिकापुर में मौत हो गई।



घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और दाह संस्कार करने से इंकार कर दिया। हालांकि जनप्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएम 9428 से ग्राम बसकर के बसोरपारा में लगभग छह वर्षीय सृष्टि को टक्कर लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक बच्ची को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान लेकर पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को शून्य पर पंजीबद्ध कर जांच के लिए भैयाथान थाना को भेज दिया है। बच्ची की मौत से परिजन ने न्याय और उचित कार्रवाई की मांग करते हुए दाह संस्कार करने से मना कर दिया।

## कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने उठाए सवाल, लगाए गंभीर आरोप

# जहां हो रही अफीम की खेती वहां प्रशासन की गिरदावरी में अन्य फसल दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- डेढ़ किमी पैदल पहाड़ की चढ़ाई कर उतरी टीम

बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस की टीम ने गुरुवार को कुसमी के कोरंधा अंतर्गत तुर्रीपानी का निरीक्षण किया। इस दौरान कांग्रेस नेता अफीम के खेत में उतरे और वस्तु स्थिति का जायजा लेने के साथ ही प्रदेश सरकार और जिला व पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड त्रिपुरी गांव में 10 मार्च को व कोरंधा थाना अंतर्गत खजुरी के तुर्रीपानी गांव में अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। अफीम की खेती को लेकर कांग्रेस प्रदेश सरकार और भाजपा पर हमलावर हो गई है। इस बीच कांग्रेस ने इस पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है जिसका संयोजक पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम को बनाया है। बुधवार को टीम त्रिपुरी गांव में पहुंची थी जबकि गुरुवार को कांग्रेस की जांच टीम तुर्रीपानी गांव पहुंची। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, भानु प्रताप सिंह, केपी सिंह, हरीश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेस नेता अफीम के खेत में पहुंचे और जानकारी हासिल की। इस दौरान अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे कारोबार में मध्यस्थता करने वाले लोग भाजपा के पदाधिकारी है। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों और मजदूरों को तो गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन मुख्य सरगना अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ। इसके साथ ही मैदानी अमला, पटवारी, आरआई, सहित अन्य मैदानी अमले ने सही तरीके से रिपोर्टिंग नहीं की। इतना ही नहीं त्रिपुरी में सरपंच ने सूचना दी इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने सवाल उठाया कि जिला प्राशासन द्वारा गिरदावरी का कार्य कराया गया जिसमें उक्त भूमियों को अन्य फसल दर्शाया गया जो की एक गंभीर मामला है। अधिकारी मौके पर जाकर सही तरीके से गिरदावरी नहीं कर रहे है या फिर जानबूझकर गड़बड़ी की गई। उन्होंने कलेक्टर एसपी से इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



अफीम की खेती का निरीक्षण करती कांग्रेस की जांच टीम।

### महिला पटवारी की लगी ड्यूटी

भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर अफीम की खेती की गई वह प्रदेश के अंतिम छोर पर बसा गांव है। दुर्गम पहाड़ी रास्ते पर जाने के लिए कलेक्टर, एसपी व सभी को पैदल चलना पडा। अधिकारियों को एक दूसरे का हाथ पकड़कर पहाड़ से नीचे उतरना पड़ा और इस स्थान पर जिला प्रशासन ने एक महिला पटवारी की ड्यूटी लगा दी थी। इस विषम परिस्थिति में एक महिला पटवारी आखिर कैसे क्षेत्र का दौरा कर सकती है और गिरदावरी कर पाएगी। उन्होंने कहा कि महिला पटवारी की इस स्थान पर ड्यूटी लगाने के पहले जिले के अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए था।

# कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

- सरकार अपने नेताओं को संरक्षण देकर करा रही अफीम की खेती : डॉ. प्रेमसाय

संभाग के बलरामपुर जिले में अफीम की खेती और फलते फूलते नशे के कारोबार को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का सांकेतिक घेराव किया। इस दौरान कार्यालय के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा मौजूद रहा।

जिला कार्यालय राजीव भवन से पैदल रैली निकालकर भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर रोक लिया।

इस दौरान कांग्रेस ने जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध जताया। कांग्रेस का आरोप है कि दुर्ग जिले के समोद में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद अब बलरामपुर जिले में भी 2 स्थानों पर अफीम की खेती पकड़ी गई है। यह भी स्पष्ट हुआ है कि बलरामपुर जिले में अफीम की खेती की बात जनवरी से पुलिस की संज्ञान में था। इन सब के बावजूद पुलिस इस अवैध खेती से आंख मूंदे रही। कांग्रेस ने अफीम की खेती बंद करो नारे के साथ ही साथ मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग भी की।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

घेराव के उपरांत राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने कहा कि विष्णुदेव सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जो स्कूल बंद कर शराब दुकान खोल रही है, और अब शराब दुकान से उनका मन नहीं भरा है तो अपने नेताओं को संरक्षण देकर अफीम का स्टार्टअप तैयार करा रही है। घेराव के दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सरकार जानबूझकर नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही है। वास्तव में सरकार पूर्णतः असफल साबित हुई है। इससे पैदा हो रहे असंतोष को दबाने के लिये जानबूझकर प्रदेश के नागरिकों को शराब और सूखे नशे के गर्त में धकेल रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि प्रदेश में हाल ही ने पकड़े गये नशे के माफियाओं पर चर्चा के दौरान सरकार ने विधानसभा में अपने जवाब के दौरान इस गिरोह के सदस्यों का नाम छुपाया। इससे यह प्रमाणित होता है कि नशा माफिया को राज्य सरकार का उसी प्रकार संरक्षण है जैसे देश मे करोड़ों का ड्रग मंगवाने वाले अडानी पोर्ट को मोदी सरकार का है। इस दौरान आयोजित हुए रैली, घेराव और प्रदर्शन के दौरान अजय अग्रवाल, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, अरविंद सिंह, मो इस्लाम, इरफान सिद्दकी, कृपाशंकर गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, बलराम यादव, अटल यादव, तिलक बेहरा, अमित सिंहदेव, प्रदीप गुप्ता पालू, दुर्गेश गुप्ता श्रीमती सिमा सोनी, सरोज साहू, प्रशांत सिंह चीकू, ओमप्रकाश सिंह, आलोक सिंह, जीवन यादव, गुरुप्रीत सिद्धू, विकल झा, चंद्रप्रकाश सिंह, सतीश बारी, मो हसन, गुड्डू मेराज, हिमांशु जायसवाल, अविनाश कुमार, तृपराज धंजल, बबन सोनी, सतीश यादव, परवेज आलम गांधी, सहित अन्य मौजूद थे।

# ओसीएम खदान में फिलिंग कार्य के लिए डम्प राखड़ की हो रही चोरी

- सक्रिय गिरोह द्वारा दिन दहाड़े खदान परिसर में घुसकर ट्रांसपोर्ट वाहनों में मशीन से कराई जा रही लोडिंग

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के बंद पड़े ओसीएम खदान से अब फ्लाई ऐश यानि राखड़ चोरी का मामला सामने आया है, जानकारी के अनुसार खदान में कोयला उत्पादन बंद होने के बाद पॉवर प्लांटों से निकले फ्लाई ऐश की भराई का कार्य करीब एक वर्ष तक चला,हाल ही में क्वारी नंबर-1 में लगभग 13 लाख क्यूबिक मीटर राखड़ भराई पूरी होने के बाद फिलिंग कार्य को बंद कर दिया गया,जिसके बाद अब डंप राखड़ की चोरी शुरू हो गई है,बताया गया कि पिछले डेढ़-दो माह से कुछ स्थानीय युवक एक गिरोह बनाकर रात और दिन के समय डोजर और चैन माउंटेन मशीन की मदद से फ्लाई एश राखड़ को ट्रकों में लोड कर ईंट उद्योग संचालकों और पास में बन रहे ओवरब्रिज के ठेकेदार को बेच दे रहे हैं।



मामले में ओसीएम खदान के मैनेजर विजय कुमार सिंह ने बताया कि एनटीपीसी लारा, सीपत, कोरबा और रायगढ़ के पॉवर प्लांटों से अनुबंध के तहत राखड़ भराई का कार्य किया गया था,अब स्थल को समतल कर ऊपर मिट्टी भरकर वृक्षारोपण किया जाना है। उन्होंने स्वीकार किया कि खदान क्षेत्र से राखड़ चोरी की जानकारी मिली है और इस संबंध में पुलिस को लिखित सूचना दी गई है।

गौरतलब है कि एसईसीएल खदानों से पहले कोयला, कबाड़, केबल, डीजल और स्पेयर पार्ट्स की चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं,वहीं अब चोरों ने राखड़ चोरी का नया तरीकाभी अपना लिया है।खदान के भीतर से इस तरह की चोरी होने से एसईसीएल कम्पनी के सुरक्षा अमले पर भी सवाल उठने लगे हैं।ओसीएम में कार्य करने वाले कोल कर्मी भी खुलेआम हो रही चोरी मामले में सुरक्षा कर्मियों की चुप्पी से हैरान हैं।

### आमगांव खदान के भीतर पानी टैंकर ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान में गुरुवार शाम करीब 4 बजे पानी छिड़काव कर रहे एक टैंकर ने खदान के भीतर खड़ी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 1060 को सामने से टक्कर मार दी, हादसे में ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया कि खदान में वर्तमान में केवल एक ही वेब्रिज से कोयला तौल का कार्य चल रहा है,इसके कारण कोयला लोडिंग के लिए पहुंचे ट्रकों को दो से तीन दिन तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे वाहन चालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,सूत्रों के अनुसार समय पर कोयला उठाव नहीं होने से कई पार्टियों के डीओ भी लैप्स होने की स्थिति में हैं,जबकि खदान प्रबंधन मेनपावर सहित अन्य कारणों का हवाला दे रहा है,मामले में खदान प्रबंधन का कहना है कि प्रतिदिन 100 से अधिक गाड़ियां कोयला लोड कर बिना किसी समस्या के खदान से बाहर निकल रही हैं।



# महाप्रबंधक ने सुरक्षा अमले के साथ खदानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- बोरी में कोयला चुराकर ले जा रहे दो युवक पकड़ाए, पुलिस को सौंपा गया

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव,अमेरा,गायत्री खदान से संगठित रूप से रोजाना हो रही सैकड़ों टन कोयला चोरी का मामला थमता नहीं दिख रहा है।आरोप है कि इस अवैध कार्य को कथित वाइट कॉलर रसूखदारों का संरक्षण प्राप्त है।

बता दें कि गुरुवार को बड़े सबेरे क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह खदानों में हो रही कोयला चोरी की स्थिति देखने त्रिपुरा बटालियन के जवानों को साथ लेकर आमगांव खदान पहुंच गये,यहां अचानक सशस्त्र जवानों को देख कोयला चोर मौके पर कोयले से भरी बोरियों और दोपहिया वाहन को मौके पर छोड़ भाग निकले,इस दौरान सुरक्षा टीम ने कोयला चोरी कर रहे एक युवक को पकड़ लिया,साथ ही कोयला चोरों की चार बाईक और पकड़े गए युवक को रामानुजनगर पुलिस को सौंप दिया गया है,महाप्रबंधक इसके बाद गायत्री खदान पहुंचे यहां भी कई ग्रामीण बोरियों में कोयला भरने में लगे हुए थे, जवानों को देख कई कोयला चोर मौके से भाग निकले,इस दौरान एक कोयला चोर युवक को जवानों ने धर दबोचा और उसके दोनों हाथों को पीछे बांध कर उसे कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है।





आमगांव खदान में कोयला चोरी करते पकड़े गए युवक का नाम मनवारपारा सालही निवासी दुर्गेश बताया गया है,बताया जाता है कि पिछले दिनो प्रबंधन ने कोयला चोरों और बड़ी संख्या में कोयला चोरों की बाइक को रामानुजनगर पुलिस को कार्यवाही के लिए सौंपा गया था लेकिन रामानुजनगर थाना प्रभारी ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय, कोयला चोरों को थाने से ही छोड़ दिया गया जिससे कम्पनी प्रबंधन भी हैरान है।एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र के अलग अलग खदानों से रोजाना डेढ़ से दो सौ टन कोयला चोरी हो रही है जिससे कम्पनी प्रबंधन को भारी राजस्व की क्षति पहुँच रही है।

# पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार हेतु किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चार वार्ड के लोगों को मिल सकेगी पेयजल की सुविधा

गुरुवार को शहर के वार्ड क्रमांक 14 नमनाकला में 7.5 लाख लीटर क्षमता के पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन किया गया। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी व एमआईसी



सदस्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य शुरू कराया। पानी टंकी में पानी भरने हेतु राइजिंग में मेन पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य हेतु मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत राशि 41.23 लाख रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका कार्य आदेश जारी किया जा चुका है। इस टंकी के कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत निकाय के जल संकटग्रस्त वार्ड 12, 13, 14, 47 के वार्डवासी लाभान्वित होंगे एवं आवश्यकता के अनुरूप पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इस दौरान जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी ने बताया कि महापौर श्रीमती भगत भगत से जल संकटग्रस्त वार्डों के समस्या को लेकर नमनाकला नवीन उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य हेतु अवगत कराया गया था। कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं महापौर के सामूहिक प्रयास से राज्य शासन से जलागार व राइजिंग मेन पाइप लाइन इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदान हो सकी है।

वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती अनीता रविंद्र गुप्त भारती ने बताया कि नमनाकला वार्ड में छोटी टंकी के वजह से जल की आपूर्ति पूरी तरीके से नही हो पाती थी। खासकर गर्मियों के दिनों में ऐसा होता हैं, बढ़ते हुए जनसंख्या एवं वार्डो के विस्तार को देखते हुए 25 सालों की आगामी योजना आने वाली पीढ़ी और जनसंख्या के दबाव और और क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए टंकी के निर्माण कार्य हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, अनिल तिवारी, आकाश गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा, अवधेश सोनकर, विकास गुप्ता, जल विभाग के प्रभारी प्रशांत खुल्लर, अभियंता सतीश रवि सहित अन्य मौजूद थे।



# जिला सहकारी बैंक से पैसा नहीं मिलने पर किसानों ने किया थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

प्रदेश सरकार द्वारा त्योहारों को ध्यान में रखते हुए किसानों के खातों में धान खरीदी बोनस की राशि जमा कर दी गई है, लेकिन बैंक से पैसा नहीं मिलने के कारण किसानों को भारी आक्रोश है। गुरुवार को किसानों ने जिला सहकारी बैंक शाखा लखनपुर के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लखनपुर थाने का घेराव किया।

लखनपुर स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा में पिछले दो दिनों से नकदी की कमी बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि बैंक में पैसा नहीं होने के कारण उन्हें केवल 10 हजार रुपये तक ही निकासी दी जा रही है, जबकि कई किसानों को वह भी नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को बैंक में पैसे की कमी और सीमित निकासी से नाराज किसानों ने बैंक से रैली निकालकर लखनपुर थाने का घेराव किया और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बैंक से पैसा दिलाने की मांग की। इधर सूचना मिलने पर तहसीलदार अंकिता पटेल और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जिला सहकारी बैंक पहुंचकर किसानों को समझाइश दी। इस दौरान एक युवक द्वारा वीडियो बनाए जाने पर उसका मोबाइल छीनकर उसे थाने में बैठा लिया गया, जिससे किसान काफी आक्रोशित हो गए। साथ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। किसानों का कहना है कि उनके खातों में 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपये तक जमा हैं, लेकिन जब वे पैसा निकालने बैंक पहुंचते हैं तो कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है कि बैंक में नकदी नहीं है। साथ ही किसानों से 20 हजार, 10 हजार, 5 हजार या 2 हजार रुपये के निकासी फार्म भरवाए जाते हैं, लेकिन जब तक उनका नंबर आता है तब तक पैसा खत्म हो जाता है और पासबुक वापस कर दी जाती है। कई किसान सुबह से शाम तक बैंक के बाहर लाइन में लगे रहते हैं, फिर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों से अंदर ही अंदर पैसे लेकर उन्हें 49 हजार रुपये तक की निकासी करा दी जाती है। किसानों का कहना है कि कई लोगों के घर में शादी, बीमारी और खेती के काम के लिए पैसों की जरूरत है।

# ऑटो एवं तेज रफ्तार मार्शल में भिड़ंत, ऑटो चालक गंभीर

- अनियंत्रित होकर पलटी मार्शल, ऑटो के उड़े परखच्चे

**दरिमा।** श्याम घुनघुट्टा नहर के पास दो वाहनों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि तेज रफ्तार मार्शल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। मार्शल सवारों को भी चोटें आई है।

गुरूवार को सुबह ग्राम पंचायत दरिमा निवासी संतोष कुमार सोनी अपने ऑटो क्रमांक 15 एडी 2056 से सुबह सवारियों को अम्बिकापुर स्थित गुदरी बाजार छोड़कर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह मछली पालन केन्द्र के पास पहुंचा विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे मार्शल वाहन क्रमांक सीजी 15 सीआर 3842 का चालक सड़क के दाहिनी ओर चलते हुए जबरदस्त टक्कर मार दी।


टक्कर इतनी तेज थी ऑटो के परखच्चे उड़ गए तथा ऑटो दूर जा गिरी। ऑटो के इंजन के पार्ट इधर-उधर बिखर गए वहीं सिर में गंभीर चोट लगने के कारण लहूलुहान ऑटो चालक अचेत हो गया। तेज रफ्तार मार्शल भी अनियंत्रित होकर नहर किनारे पलट गई। मार्शल में 2 बच्चे एवं पांच व्यस्क कुल 7 लोग सवार थे सभी सवारों को चोटें आई है। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल ऑटो चालक को अम्बिकापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।



ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त मार्शल में सवार लोगों को भी बाहर निकाला तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया। सूचना पर कुछ देर बाद स्थानीय पुलिस पहुंची एवं घटनास्थल का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि मार्शल मैनपाट निवासी बैजू यादव की है तथा चालक अनियंत्रित गति से गलत दिशा से वाहन चला रहा था जिसके कारण दुर्घटना घटित हुई।

### युवक ने घर के बाड़ी स्थित पेड़ में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से घर के बाड़ी स्थित पेड में गमछा से फांसी लगा ली जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवगढ़ निवासी मनबोध आ. किशुन (27 वर्ष) बीती रात घर के बाड़ी स्थित बीही पेड़ में गमछा से फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी उस समय लगी जब बड़ा भाई मवेशी को चारा खिला रहा था तभी उसके पेड़ में भाई को मृत हालत में फांसी में लटका देखा। परिजन ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# धुरंधर 2 का पहला गाना आरी-आरी रिलीज...

**मुंबई।** जल्द ही फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्देशक आदित्य धर के जन्मदिप पर 'धुरंधर 2' का पहला गाना 'आरी आरी' रिलीज हुआ। गाने में रणवीर सिंह का खूंखार लुक नजर आया। 'आरी आरी' गाना फिल्म 'धुरंधर 2' का एंथम सॉन्ग है। फिल्म की कहानी को लेकर यह गाना काफी कुछ बयां कर रहा है। फिल्म में बदला लेने की हद को पार किया जाएगा, यह बात इस गाने में दिखे रहे विजुएल्स से समझ आती है। 'आरी आरी' में रणवीर सिंह के अलावा फिल्म 'धुरंधर 2' के बाकी किरदारों की झलक भी मिलती है। गाने में फिल्म के कई सीन्स दिखाए जाते हैं, जो ट्रेलर में नहीं थे।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## परफेक्शन नहीं, प्रगति पर फोकस करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने जिम से अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। इसके साथ उन्होंने सभी मांओं के नाम एक खूबसूरत मैसेज लिखा है। जेनेलिया डिसूजा चर्चित एक्ट्रेस होने के साथ-साथ दो बच्चों की मां भी हैं। उनके दो बेटे रियान और राहिल हैं।

जेनेलिया अपने परिवार को पूरा समय देती हैं। मगर, इसके साथ वे खुद पर भी पूरा ध्यान देती हैं। खासकर अपनी फिटनेस के बारे में कोई समझौता नहीं करती हैं। जेनेलिया ने आज गुरुवार को जिम से एक फोटो साझा की है। इसका कैप्शन और दमदार है। जेनेलिया डिसूजा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है। वे ब्लैक जैकेट और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। उनकी टीशर्ट पर लिखा है, 'आई'। बता दें कि मराठी में मां को आई कहते हैं। यह फोटो शेयर करते हुए जेनेलिया ने सभी मॉम को फिटनेस के प्रति जागरुक करते हुए मैसेज लिखा है। वे लिखती हैं, 'आई यानी मां जिम में। प्रोग्रेस पर फोकस करो, परफेक्शन पर नहीं। यह एक छोटा सा रिमाइंडर मेरे लिए है और साथ ही इसे पढ़ने वाली सभी माओं के लिए भी है'। जिम आउटफिट में हाथ में पानी की बोतल थामे जेनेलिया अपनी फिटनेस के प्रति पाबंद नजर आ रही हैं। जेनेलिया की टोन्ड बॉडी देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे अपनी सेहत और फिटनेस को लेकर कितनी जागरुक हैं। जेनेलिया के करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से डेब्यू किया था। इसी फिल्म से रितेश देशमुख ने भी डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला



# बिली दिखाएंगी अपना एक्टिंग टैलेंट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर बिली एलिश ने अपने गानों से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह अपने अभिनय का हुनर भी दर्शकों को दिखाएंगी। एक चर्चित नॉवेल पर बन रही फिल्म से वह अपना एक्टिंग डेब्यू करने वाली है। हॉलीवुड सिंगर बिली इलिश अब बड़े पर्दे पर अभिनय करेंगी। वह फिल्ममेकर सारा पॉली की अगली फिल्म का हिस्सा हैं। बता दें कि साल 2023 में सारा पॉली की फिल्म 'वुमन टॉकिंग' ने बेस्ट स्क्रीनप्ले का ऑस्कर जीता था। चार साल बाद फिल्ममेकर सारा पॉली फिर से सक्रिय हुई हैं और बिली एलिश को लेकर फिल्म बना रही हैं।





# द ब्लफ बनी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' बहुत हिट हो गई है। यह एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें प्रियंका ने ब्लडी मैरी नाम की दमदार महिला डाकू का रोल किया है। फिल्म को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं, लेकिन दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया। फरवरी के आखिर में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्मों के चार्ट में नंबर 1 पर पहुंच गई है। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के आंकड़ों में इसने करीब 300.3 मिलियन मिनट का व्यूअरशिप हासिल किया। यानी यह फिल्म दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बन गई। प्रियंका के फैंस उनकी इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें अभिनेत्री की इस सफलता पर बहुत गर्व हो रहा है। फैंस लगातार सोशल मीडिया पर अपनी राय पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'वह इसकी हकदार हैं, उन्होंने बहुत मेहनत की है'।



# रामायण के दूसरे पार्ट की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** रामायण फिल्म को लेकर नई-नई खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिनों इसके कुछ फोटो वायरल हुए थे, जिन्हें शूटिंग से लीक हुए फोटोज बताया जा रहा था। लेकिन, बाद वे में वे फैक निकले। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। रणबीर कपूर की इस फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि रणबीर कपूर ने दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस पार्ट में माता सीता के अपहरण के बाद की घटनाओं का जिक्र होगा। फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे सनी देओल भी इस वीकेंड से शूटिंग में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'करीब दो महीने का शूटिंग शेड्यूल रखा गया है, जिसमें काफी बड़े एक्शन और ड्रामा वाले सीन शूट होंगे। कहानी अब भगवान राम के लंका जाने के सफर की ओर बढ़ेगी।



# अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा

**मुंबई।** आजकल हर कैटेगरी की फिल्में आ रही हैं। कुछ सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो कुछ ओटीटी पर। ऐसे में विशाल भारद्वाज का मानना है कि इस वक्त फिल्ममेकिंग एक मुश्किल दौर से गुजर रही है और अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा है। एक बातचीत में विशाल भारद्वाज ने कहा कि पहले ऐसी फिल्मों के लिए फंड जुटाना आसान था, जैसे उनकी फिल्म हैदर, अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर और विक्रमादित्य मोटवाने की उड़ान। लेकिन, अब हालात बदल गए हैं और इस तरह की फिल्मों के लिए पैसे जुटाना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि आजकल फिल्मों के लिए एक तरह की लाइन खींच दी गई है। अगर कोई अलग तरह की कहानी होती है तो कहा जाता है कि इसे ओटीटी पर ले जाओ।

टीवी मसाला



# अर्चना ने श्वेत-रिद्धि की लव स्टोरी पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। इसमें टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने इशारों में इशारों में जाहिर कर दिया कि रियलिटी शो में एक नई प्रेम कहानी शुरू हो चुकी है। प्रोमो वह उस सेलिब्रिटी कपल के सामने भी यह बात कह देती है। जिसे सुनकर वो दोनों मुस्कुराने लगे। आखिर कौन है ये नया जोड़ा? अर्चना गौतम ने हालिया प्रोमो में एक्टर श्वेत तोमर और एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा की दोस्ती पर मजाक-मजाक में बड़ी बात कह दी। यह बात अर्चना ने रिद्धि और श्वेत के सामने कही। अर्चना बोलीं- 'तुम दोनों दोस्त नहीं गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड ज्यादा लगते हो।' यह सुनकर दोनों मुस्कुराने लगते हैं। आगे प्रोमो में रिद्धि और श्वेत के बीच की केमिस्ट्री अलग-अलग अंदाज में दिखाई जाती है। एक जगह पर दोनों बड़े प्यार से गले लगते हुए नजर आए। अब तक दर्शकों ने कई रियलिटी शो देखे हैं, जिसमें सेलिब्रिटी कपल के बीच प्यार और दोस्ती हुई। लेकिन, शो से बाहर आने के बाद अधिकतर का रिश्ता खत्म हो गया। वहीं कुछ सेलेब्स ऐसे भी रहें, जिन्हें रियलिटी शो में प्यार हुआ और बाद में शादी भी की। 'द 50' में के ही प्रतियोगी प्रिंस नरुला और युविका चौधरी को भी 'बिग बॉस' रियलिटी शो में प्यार हुआ था, शो से बाहर आने के बाद दोनों ने शादी की। '

## तुलसी ने फिर मारी बाजी, अनुपमा दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** नौवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में कई उलट-फेर हुए हैं। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' थी पिछले हफ्ते की तरफ इस



बार भी नंबर वन की पॉजिशन पर बना हुआ है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है। जबकि आठवें हफ्ते में सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की टीआरपी 2.0 रही है। इन दिनों सीरियल में काफी नए ट्विस्ट आ रहे हैं। सीरियल में लीड रोल में स्मृति ईरानी नजर आती हैं। सीरियल 'अनुपमा' को इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रही है। जबकि आठवें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी 1.7 है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है, क्योंकि शो में लीप आया है, कहानी ने नया मोड़ लिया है। टॉप 5 में तीसरे नंबर पर सीरियल 'तुम से तुम तक' रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। जबकि चौथे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' है, इसको 1.6 की टीआरपी मिली है। पांचवें नंबर पर सीरियल 'नागिन 7' है। सीरियल 'नागिन 7' को 1.6 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है।



# मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है, ये लव जिहाद नहीं, सभी धर्मों का करती हूं सम्मान

*मुस्लिम एक्टर से शादी करने के बाद महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी शादी पर रिएक्शन दिया और लव जिहाद कहने वालों को जवाब दिया है। मोनालिसा भोसले, जो महाकुंभ की वायरल गर्ल के नाम से फेमस है। उन्होंने हाल ही में मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी की है, जिसके बाद उन्होंने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपनी शादी पर रिएक्शन दिया है।*

**नई दिल्ली।** अपनी शादी को लव जिहाद कहने वाले लोगों को करारा जवाब दिया और बताया कि उन्होंने हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। उन्होंने कहा- मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है। ये 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं। हमारी जो शादी हुई है वो हिंदू रीति रिवाज से हुई है। वैसे तो ये मेरे से शादी करना नहीं चाहता था। मैंने ही खुद इनसे जबरदस्ती शादी की थी। मेरे मम्मी पापा घर पर किसी दूसरे से शादी करवाना चाहते थे। तो मुझे वो लड़का अच्छा नहीं लगा। बुआ का लड़का था वो। बुआ के लड़के से मैं शादी करुंगी तो वह मेरा भाई लगा। इसलिए, मैंने सोचा कि मैं इनसे शादी नहीं करुंगी। पापा साथ में आए थे मेरे। अभी भी यहीं हैं मेरे पापा। लेकिन ,उन्होंने शादी अटेंड नहीं की। वो मेरे साथ में ही आए थे । अभी नाराज हैं। कल मिले थे हम उनसे। मोनालिसा के पति ने कहा, हमने कोई धर्म परिवर्तन नहीं किया है। मैंने वहीं मोनालिसा ने कहा, मैं सब धर्म को बराबर मानती हूं। वहीं ,उम्र का सबूत देते हुए कपल ने आधार कार्ड दिखाया, जिसमें उनकी उम्र कंफर्म की है।

# हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में फिर आया शाहरुख का नाम



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने एक बार फिर 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट' में अपनी जगह बनाई है। इससे खान का नाम भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के तौर पर मशहूर हुआ है। इससे वैश्विक मंच पर एक अहम कारोबारी हस्ती के रूप में खान का रुतबा और मजबूत हुआ है।5 मार्च को जारी लिस्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की नेट वर्थ लगभग 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो करीब 10,800 करोड़ रुपए है। इतनी दौलत के साथ वह दुनिया के कई मशहूर एक्टर्स में अपनी जगह बनाए हुए हैं। ग्लोबल वेल्थ रैंकिंग में भारत अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। अरबपतियों की संख्या के मामले में देश अभी तीसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में 308 लोग शामिल हैं। चीन और अमेरिका इस रैंकिंग में सबसे आगे हैं। जिनके पास क्रमशः 1,110 और 1,000 अरबपति हैं। हुरुन लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई ग्लोबल हस्तियां भी शामिल हैं। म्यूजिक के बड़े नाम जैसे जे-जी, जिनकी नेट वर्थ करीब 2.8 बिलियन यूएसडी है; टेलर स्विफ्ट, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन यूएसडी है और रिहाना, जिनकी नेट वर्ष 1.5 बिलियन यूएसडी है, इस लिस्ट का हिस्सा हैं। शाहरुख खान ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए रखी है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पिछली बार के मुकाबले उनकी दौलत में थोड़ी कमी आई है। 2025 में, उनकी कुल संपत्ति लगभग 12,490 करोड़ रुपए (लगभग 1.4 बिलियन यूएसडी) आंकी गई थी। काम की बात करें तो, शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होगी। इसमें रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन और अनिल कपूर सहित कई बड़े कलाकार शामिल हैं।

## प्रोड्यूसर की शूटिंग के दौरान मौत, 11 ऑस्कर जीत रचा इतिहास

# 67 साल पुरानी फिल्म ने स्टूडियो को दिवालिया होने से बचाया

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो समय की कसौटी पर खरी उतरती हैं और इतिहास रचती हैं। 1959 में रिलीज हुई 'बेन-हर ' ऐसी ही एक फिल्म है, जिसने 11 ऑस्कर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया. इस रिकॉर्ड की बराबरी बाद में 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: द रिटर्न ऑफ द किंग' ने की. विलियम वायलर निर्देशित यह फिल्म लू वॉलेस के 1880 के उपन्यास 'बेन-हर: ए टेल ऑफ द क्राइस्ट' पर आधारित है। चार्लटन हेस्टन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म रोमन साम्राज्य के समय की पृष्ठभूमि पर बदले, विश्वास और मोक्ष की कहानी बयान करती है।*

### बदले की आग और विश्वास की रोशनी

फिल्म की कहानी बेन हर की है जो हालात के हाथों मजबूर होकर गुलाम बन जाता है। कुल मिलाकर इस कहानी में धर्म और कर्म दोनों का मर्म जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी को खूब पसंद किया गया था और इसी वजह से यह दुनियाभर में पसंद भी की गई।

### सबसे महंगी फिल्म का सफर

'बेन-हर' का निर्माण एमजीएम स्टूडियो के लिए जीने-मरने का सवाल बन गया था. क्योंकि स्टूडियो दिवालिया होने की कगार पर था। फिल्म का बजट शुरू में 7 मिलियन डॉलर था, लेकिन यह बढ़कर 15.2 मिलियन डॉलर हो गया. जो उस समय की सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म की शूटिंग इटली के सिनेसिटा स्टूडियो में हुई, जहां 18 एकड़ का सेट बनाया गया। प्रोडक्शन अक्टूबर 1957 में शुरू हुआ, और शूटिंग मई 1958 से जनवरी 1959 तक चली। 12-14 घंटे के दिन और छह दिन का शेड्यूल था। इसका रथ दौड़ का सीन सिनेमा के इतिहास का सबसे प्रसिद्ध एक्शन सीक्वेंस बन गया।. इसे फिल्माने में पांच हफ्ते, 15,000 एक्स्ट्रा लगे और 18 रथ बनाए गए। याकिमा कैनट ने स्टंट निर्देशित किया। समुद्री लड़ाई के लिए कैलिफोर्निया में मिनिएचर जहाजों का इस्तेमाल किया गया। 200 ऊंट, 2,500 घोड़े और 10,000 एक्स्ट्रा थे। यही नहीं, प्रोड्यूसर सैम जिम्बालिस्ट की शूटिंग के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।



### सिनेमा का मील का पत्थर

बॉक्स ऑफिस पर 'बेन हर' 1959 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म थी, कुल 146.9 मिलियन डॉलर की कमाई. फिल्म ने एमजीएम को दिवालिया होने से बचाया. 'बेन-हर' ने एपिक फिल्मों को नई दिशा दी। आज भी इसका रथ दौड़ सीन एक्शन का बेंचमार्क है। 1971 में टीवी पर इस फिल्म को 8.58 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह फिल्म क्षमा, विश्वास और मानवता की सीख देती है, जो समय से परे है।

### बेन-हर स्टारकास्ट और ड्युरेशन

चार्लटन हेस्टन ने बेन-हर का किरदार निभाया, जबकि स्टीफन बॉयड मेसाला बने. जैक हॉकिंस, हाया हरारीत, ह्यू ग्रिफिथ आदि मुख्य भूमिकाओं में थे। विलियम वायलर ने निर्देशन किया। रोमन भूमिकाओं के लिए ब्रिटिश एक्टर्स और यहूदी के लिए अमेरिकी चुने गए। फिल्म का ड्युरेशन लगभग तीन घंटे 32 मिनट है। बेन-हर (1959) फिल्म को ऑस्कर में 12 नॉमिनेशन मिले थे, जिनमें से ये 11 कैटेगरी ऑस्कर जीतने में कामयाब रही।

## खबर संक्षेप

### गरीबों के हक के चावल में दलाल सक्रिय



मनेन्द्रगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को मिलने वाला चावल जिले में खुलेआम काला बाजारी का शिकार बनता जा रहा है। शासन गरीबों को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रूपए खर्च करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। कई जगहों पर राशन दुकानों से मिलने वाला चावल जरूरतमंदों की थाली तक पहुंचने के बजाय बाजार और दलालों के हाथों में पहुंच रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस पूरे खेल पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही और जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन क्यों हैं। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कई इलाकों में यह स्थिति बन गई है कि अधिकांश राशन कार्डधारी चावल लेने राशन दुकान तक नहीं पहुंचते। कई मामलों में देखा गया है कि कार्डधारी राशन दुकानदार से चावल लेने के बजाय उसका रूपए लेकर वापस लौट जाते हैं। वहीं कुछ लोग राशन दुकान से चावल लेकर उसे सीधे दलालों को बेच देते हैं, इसके बाद यही चावल बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। इस पूरे खेल में गरीबों के हिस्से का अनाज खुलेआम काला बाजार में खपाया जा रहा है।

### आधार कार्ड में जन्मतिथि बदलना अब नहीं आसान

अनूपपुर। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार में जन्मतिथि बदलने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। दरअसल आधार कार्ड में जन्मतिथि (डेट ऑफ बर्थ) को बार-बार बदलने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके तहत अब आधार में जन्मतिथि में संशोधन केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जा सकेगा। प्राधिकरण का कहना है कि किसी भी व्यक्ति की जन्मतिथि एक ही होती है, इसलिए सामान्य परिस्थितियों में इसे बदलने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। हालांकि कई मामलों में आधार नामांकन के दौरान ऑपरेटर की त्रुटि, अनुमानित जानकारी दर्ज होने या गलत दस्तावेज देने के कारण जन्मतिथि गलत दर्ज हो जाती है। ऐसे मामलों में ही सुधार की अनुमति दी जाएगी। वह भी तब जब संबंधित व्यक्ति के पास प्रमाणित और सत्यापन योग्य दस्तावेज उपलब्ध हों। यूआईडीएआई का उद्देश्य आधार डाटाबेस की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखना है, ताकि नागरिकों की पहचान से जुड़ी जानकारी पूरी तरह सही और प्रमाणिक बनी रहे।

### सामाजिक सद्भाव का बैठक आज

बैकुण्ठपुर। तेरापंथ भवन बैंक आफ इंडिया के पास 14 मार्च को अपरान्ह 4 बजे सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है, जहां बैठक में समाज प्रमुख आपस में मिलकर विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान



बिजुरी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला सफाई कर्मचारियों (स्वच्छता दीदियों) को सुरक्षा एवं सफाई किट प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नपं पटना में ...

के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। कार्य केवल शासकीय भूमि पर ही किया जाएगा और यदि किसी प्रकार का स्थानीय विवाद उत्पन्न होता है तो संबंधित निकाय द्वारा पुनः प्रस्ताव भेजकर विधायक से अनुमोदन लिया जाएगा। साथ ही निर्माण स्थल से संबंधित आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा तथा कार्य की भौतिक और वित्तीय प्रगति की मासिक जानकारी जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों का रख-रखाव संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा किया जाएगा।

## जिला जेल बैकुंठपुर का तिमाही निरीक्षण

# बंदियों को मिल रही सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिला जेल बैकुंठपुर का तिमाही निरीक्षण शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष योगेश पारीक, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के नेतृत्व में किया गया। यह निरीक्षण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा उच्चतम न्यायालय में दायर सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया प्रकरण में पारित निर्णय के पालन में किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश और कलेक्टर ने बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की तथा जेल परिसर में संचालित लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों के बैरक, शौचालयों की स्थिति, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बंदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण दल ने बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। निर्देशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड द्वारा प्रत्येक तिमाही में जिला जेल बैकुंठपुर का निरीक्षण किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जेल में बंदियों के साथ किसी भी प्रकार का जातिगत या अन्य भेदभाव न हो और उन्हें सभी आवश्यक अधिकार व सुविधाएं समय पर मिलती रहें।

# लापरवाही पर दो शिक्षकों को फटकार

## वेतन रोकने के निर्देश, स्कूल-आंगनबाड़ी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले के अंतिम छोर तक सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को सोनहत विकासखंड के विभिन्न गांवों के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम मेण्ड्राकला, धनपुर और गोयनी के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में उपस्थिति पंजी की जांच की और बच्चों से पढ़ाई-लिखाई को लेकर सवाल-जवाब किए।

प्राथमिक शाला गोयनी में पढ़ने वाले छात्रों रुचि, करिश्मा, प्रीति, यशमति, तारामती, प्रभाकर, प्रिंस, अमित और विजयराज ने कलेक्टर को कविताएं सुनाईं। इस दौरान कलेक्टर ब्लैकबोर्ड के पास पहुंचकर खुद शिक्षिका की भूमिका में नजर आईं और बच्चों को जोड़ व गुणा करना सिखाया। वहीं आनंदपुर मिडिल स्कूल के एक छात्र ने आत्मविश्वास के साथ 29 का पहाड़ा सुनाकर सभी को प्रभावित किया। बच्चों ने देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भी सही-सही बताए। निरीक्षण के दौरान शिक्षकीय कार्य में लापरवाही पाए जाने पर मेण्ड्राकला के प्रधान पाठक रमेश गुप्ता और शिक्षक विवेक साहू को कड़ी फटकार लगाई गई। कलेक्टर ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दोनों शिक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करने और पढ़ाई के स्तर की लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण और भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बच्चों को भरपेट भोजन के साथ हरी सब्जियां, दाल और रोटी नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान कोरिया मोदक लड्डू वितरण की जानकारी भी ली गई। कार्यकर्ता ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को यह लड्डू नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने स्कूल में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए स्वयं भोजन चखकर देखा और स्वादिष्ट भोजन तैयार करने के लिए रसोइया की सराहना भी की।

# 79 दिनों से हाथियों का आतंक धनगवां बीट के जंगल में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर



मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में पिछले 79 दिनों से तीन हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं। जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट से लगे गांवों में हाथियों के लगातार विचरण से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। देर रात खेतो में पहुंचकर हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान दहशत और आर्थिक नुकसान दोनों झेल रहे हैं।

जिले के जंगलों में पिछले करीब 79 दिनों से तीन हाथियों का समूह लगातार सक्रिय बना हुआ है। यह झुंड जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में दिन के समय विश्राम करता है और रात होते ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निकलकर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों ने इस इलाके को मानो अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। देर रात अचानक गांवों में पहुंचकर हाथी गेहूं, चना और अन्य फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने मशाल, पटाखे और शोर मचाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन वे फिर लौट आते हैं। स्थिति यह है कि जंगल से लगे गांवों के लोग परिवार सहित रात भर जागने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण छतों पर पहरा दे रहे हैं तो कुछ लोग आग जलाकर हाथियों को गांव से दूर रखने की कोशिश करते हैं। लगातार हो रहे नुकसान से किसानों में चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं।

# हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह, 33 मेधावी छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



**विद्यार्थियों को मिला सम्मान**

सम्मानित विद्यार्थियों में आयुष राजवाड़े, उत्कर्ष ठाकुर, ममता राजवाड़े, दिव्या राजवाड़े, रौनक सिंह, खुशबू यादव, आदित्य राजवाड़े, सुनैना बखला, पंकज कुमार राजवाड़े, प्रत्युषा शर्मा, आकाश यादव, रितेश कुमार, रुस्तम राजवाड़े, प्रतीक राजवाड़े, प्राची यादव, आंचल यादव, नैतिक सिंह, गुलशन राजवाड़े, स्नेहा यादव, लक्ष्य कुमार साहू, प्रियांशु यादव, सोनू सिंह, कृष्णा, स्वरा रजक, आयुष कुमार, गरिमा सिंह, निष्ठा सिंह, राशि गोयन, उज्जवल, काम्या राजवाड़े, साम्या खातून, आकांक्षा और तुलसी राजवाड़े शामिल रहे। वहीं कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों में दिव्या, खुशबू, महिमा, रौनक, अनुकल और प्रिंशु को गुलाब का फूल एवं उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

शहर के स्थानीय ठाकुर अजय सिंह हाईस्कूल में वर्ष 2026 का वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 33 मेधावी विद्यार्थियों और 6 पूर्व छात्रों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय शिक्षा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर और प्राचार्या पार्वती यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय का संचालन अजय शिक्षा समिति के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक और बौद्धिक वातावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम का संचालन संवर्त कुमार रूप द्वारा किया गया, जबकि सह-संचालन स्नेहा पैकरा और खुशी शेख ने किया। विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं में तरूणी भार्गव शिक्षिका, पूर्व एल्डरमैन नगर पालिका शशि कुमार मांझी मोनू, व्यवसायी चंदन ढीमर और पटवारी, राजस्व विभाग बैकुंठपुर आशा भगत सहित अन्य को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में व्यवस्थापक मनीष कुमार सिंह, प्राचार्य पार्वती यादव, दीपा सिंह, सुनीता ठाकुर, बबीता सिंह, रानू गुप्ता, महेन्द्र राजवाड़े, प्रीति

# स्व सहायता समूहों के रजिस्ट्रेशन कराने के लिए शिविर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में स्कूलों पीएम पोषण कार्यक्रम संचालन करने वाले स्व सहायता समूहों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां स्व स्हायता समूह के अध्यक्ष आवश्यक दस्तावेज लेकर अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन कराने के साथ वृद्धि करा सकते हैं।

जानकारी के अनुसार स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्व सहायता समूह एमडीएम का संचालन करते हैं। खाद्य पदार्थो के निर्माण, वितरण एवं विक्रय के दौरान स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन अनिवार्य है तथा इसके लिए अनुज्ञप्ति लेना भी जरूरी किया गया है। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 व खाद्य सुरक्षा और मानक खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण विनियम 2011 के नियमो के अनुसार पीएम पोषण अंतर्गत कार्य कर रहे संचालनकर्ता स्व सहायता समूह को खाद्य व्यापार करने के लिए खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीयन की आवश्यकता होती है। इसके लिए खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सहायिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली सहायिकाओं को बीते दिनों शहर के मानस भवन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि छात्रों को परोसे जाने वाले मिड डे मिल गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें क्या करना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को परोसे जाने वाला भोजन पूरी तरह सुरक्षित, पौष्टिक के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और भोजन पकाने के दौरान आवश्यक सावधानियों आदि के बाद में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें बैकुंठपुर विकाखंड एवं सोनहत विकासखंड अंतर्गत विद्यालयों के सहायिकाएं काफी संख्या में उपस्थित रही।

# चौक-चौराहों पर जाम, बैंक के सामने पार्किंग नहीं

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

**अतिक्रमण की गिरफ्त में शहर**



जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख चौक-चौराहे इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में हैं। शहर केकई हिस्सों में सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। हालात यह हैं कि आमजन को छोटी-छोटी दूरी तय करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से मानो पूरी तरह बेखबर नजर आ रहे हैं।

शहर के मुख्य मार्गों और व्यस्त चौक-चौराहों के आसपास फुटपाथों और सड़क किनारे अस्थायी दुकानें तथा अवैध कब्जे तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, इससे सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है और यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। खासकर बाजार क्षेत्र और मुख्य सड़कों पर सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। जाम के कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी शहर में स्थित बैंकों के सामने देखने को मिलती है। अधिकांश बैंकों के पास पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बैंक आने वाले ग्राहक अपनी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और यातायात बाधित होने लगता है। कई बार तो बैंक के सामने इतनी भीड़ लग जाती है कि सड़क पूरी तरह जाम हो जाती है और लोगों को घंटों फंसे रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक प्रबंधन को अपने ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए, लेकिन इस दिशा में कोई पहल नजर नहीं आती।

वहीं नगर प्रशासन और यातायात व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। नतीजा यह है कि शहर की यातायात व्यवस्था दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की औपचारिक कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन यह केवल कुछ दिनों की कवायद बनकर रह जाती है। स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। कार्रवाई के कुछ ही दिनों बाद फिर से सड़क किनारे कब्जे और अवैध पार्किंग शुरू हो जाती है। शहरवासियों का मानना है कि यदि प्रशासन चाहे तो इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है,इसके लिए नियमित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ बैंकों और बड़े संस्थानों को पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाने चाहिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सख्त नियम लागू किए जाने की आवश्यकता है। फिलहाल हालात यह है कि मनेन्द्रगढ़ के चौक-चौराहों पर बढ़ता अतिक्रमण और बैंकों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग आम लोगों के लिए रोज की परेशानी बन चुकी है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर प्रशासन इस समस्या पर कब तक आंखें मूंदे रहेगा और शहरवासियों को जाम और अव्यवस्था से कब राहत मिलेगी।

# जलसंरक्षण के लिए किशोरी पंचायत में जनसहयोग बने 60 सोख्ता गड्ढ़े

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मोर गांव मोर पानी जलसंरक्षण महाभियान कोरिया जिले में आवा पानी झोंकी के नाम से नए बदलाव की बयार बन चुका है। कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत किशोरी के टिपका पारा में जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई है।

आवा पानी झोंकी अभियान से प्रेरित होकर स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान के माध्यम से एक ही दिन में 60 सोख्ता गड्ढ़ों का निर्माण कर मिसाल पेश की है। इस गांव में पहले घरों से निकलने वाला अपशिष्ट जल खुले में फैल जाता था, जिससे गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ जाती थी। कई स्थानों पर पानी जमा होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यह समस्या आम जनजीवन के आवागमन से लेकर उनके स्वास्थ्य पर भी बेहद दुष्प्रभाव डाल रही थी। प्रशासन की पहल से इस समस्या के लिए ग्राम पंचायत ने आगे बढ़कर समस्या हल करने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत के सरपंच बबन ने बताया कि गर्मी के मौसम में गांव का भू-जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। साथ ही घरों से निकलने वाला गंदा पानी खुले में फैलने से गांव का वातावरण भी लगातार प्रभावित होता था।

### वार्ड वार बैठक से निकला हल

सरपंच ने बताया कि इस कार्य को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत के सभी वार्डों की एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से समस्या के निराकरण का सामूहिक निर्णय लिया गया। विशेष बात यह है कि इस कार्य में शासन की कोई राशि खर्च नहीं हुई और सभी ग्रामीणों ने स्वयं प्रेरित होकर जनसहयोग और श्रमदान के माध्यम से इस पहल को सफल बनाया है। अब हर घर से निकला हुआ यह पानी सोख्ता गड्ढ़े से जमीन में समाहित होगा, जिससे गांव में स्वच्छता बनी रहेगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# कन्या कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 9 मार्च को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 22, 23 एवं 24 दिसंबर 2025 को क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती कनकलता पैकरा, क्रीड़ाधिकारी चंदन सिंह पटेल तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के कुशल मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत कोरिया की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष आशीष यादव उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती रेनु सिंह, अमृतलाल गुप्ता, श्रीमती गीता साहू, हर्षित राय, श्रीमती मनीषा जायसवाल एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस तथा एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन (सिंगल) में आशिया (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने प्रथम, पूजा भगत (बी.एससी तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा नीलू (एम.एससी प्रथम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (डबल्स) में आशिया एवं प्रियांशी बड़ा प्रथम, संतोषी एवं खुशबू द्वितीय तथा पूजा भगत एवं नीलू सिंह तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो में खो-खो क्वीन टीम प्रथम, सरोजनी एलीट टीम द्वितीय तथा रानी लक्ष्मीबाई वॉरियर्स टीम तृतीय स्थान पर रही। वॉलीबॉल में रानी लक्ष्मीबाई वॉलीबॉलर्स टीम प्रथम तथा कल्पना चावला स्टार्स टीम द्वितीय स्थान पर रही। शतरंज प्रतियोगिता में पूजा एमए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, पूर्णिमा बी.एससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय तथा चंद्रप्रभा एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस में सरिता बीकॉम तृतीय सेमेस्टर प्रथम, रोशनी बीए तृतीय सेमेस्टर द्वितीय तथा आशिया बीकॉम तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी में कबड्डी क्वींस टीम प्रथम, स्टार क्वींस टीम द्वितीय तथा रानी लक्ष्मीबाई स्ट्राइकर टीम तृतीय स्थान पर रही। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त